दैनिक
# पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 238 • मुंबई, मंगलवार, 07 मई , 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## लोढा भाईपा संस्थान का स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण प्रोग्राम संपन्न



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लोढ़ा भाईपा संस्थान उदयपुर का 22 वां वार्षिक सम्मेलन एवं नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम दादावाड़ी सूरजपोल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा एवं विशिष्ट अतिथि राज लोढा थ । मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित लोढा एवं सचिव नरेश लोढा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तत्पश्चात नवीन अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। स्वागत उदबोधन निवर्तमान अध्यक्ष हस्तीमल लोढ़ा ने दिया एवं महामंत्री धनराज लोढ़ा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित लोढा ने आगामी सत्र की कार्य योजना को प्रस्तुत किया।धन्यवाद की रस्म नरेश लोढ़ा ने अदा की।

## प्रतापपुरा गांव में बांधे परिंडे: 500 परिंडे बांधने का लक्ष्य हुआ पूरा
## राजस्थान समाज सेवा संस्थान का सेवा अभियान

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** तेज गर्मी में पक्षियों की सेवा के लिए राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर का परिंडा वितरण अभियान सोमवार को भी जारी रहा।

सोमवार को अंबेरी क्षेत्र के प्रतापपुरा गांव के चारभुजा मंदिर परिसर और दूधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में परिंडे बांधे गए। पक्षी प्रेमी एवं अंबेरी के पूर्व उप सरपंच चेतन लौहार, पक्षी प्रेमी विशाल वैष्णव, रेखा वैष्णव और नितेश वैष्णव ने भी परिंडे बांधे। इन लोगों ने नियमित परिंडे में पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली है।

अब भी कहीं पर जरूरत महसूस हुई तो परिंडों की व्यवस्था कर दी जाएगी

राजस्थान समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गर्मी के इस सीजन में संस्थान ने 500 परिंडे वितरित करने का लक्ष्य तय किया था। वह लक्ष्य सोमवार को पूरा हो गया। पक्षी प्रेमियों को निशुल्क परिंडे वितरित करने के साथ ही जगह जगह परिंडे बांधे भी गए है। अब भी जरूरत महसूस हुई तो संस्थान की तरफ से निशुल्क परिंडों की व्यवस्था कर दी जाएगी।



## समाज में संगठित रहकर ही समाज का उत्थान होगा- हरिराम
## सन्त शिरोमणि सैन की 724 वी जयंती मनाई गई

पदमावत मीडिया

**नागौर ।** डेगाना शहर के सैन भवन मे संत शिरोमणि सैन महाराज की 724 वीं जयंती मनाई।सैन समाज डेगाना अध्यक्ष हरिराम सैन ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा से दूर रखकर शिक्षित बनाने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। समाज में लड़कियों को शिक्षित बनाने के लिए हमारे समाज को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

सैन भवन मे सर्वप्रथम सैनजी महाराज के महाआरती की गई आरती के बाद सेन जी महाराज के प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।प्रसाद वितरण के बाद सैन समाज के अध्यक्ष हरिराम सेन ने अपने विचार प्रकट किए जिसमे समाज मे शिक्षा को किस प्रकार से बढ़ावा मिले इसे लेकर विस्तार से चर्चा की गई।समाज मे फैल रही कुरीतियो को मिटाने का प्रयास करना व बच्चो को नशा से दुर रहना चाहिए।सामाजिक विषयो पर चर्चा की गई जिसमे सेन समाज के सभी महानुभाव मौजूद थे।



## शरीर से ज्यादा आत्मा के कल्याण का कार्य करें - मणीप्रभा

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** भीनमाल जैन संघ बेंगलोर के एक प्रतिनिधिमंडल ने चित्रदुर्ग स्थति गोडी पार्श्वनाथ जैन मंदिर में साध्वी मणिप्रभा श्रीजी म सा आदि ठाणा 28 के दर्शन वंदन का लाभ लिया ।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि साध्वी मणिप्रभा श्रीजी म सा ने अपने प्रवचन में कहा कि संसार में चौरासी लाख जीव योनियाँ हैं । जीव इन चौरासी लाख जीव योनियों में भ्रमण करता घूमता है । इन चौरासी लाख जीव योनियों में घूमते हुए जीव मनुष्य जन्म पाता है। चौरासी लाख योनियों को भोगने के बाद हमें मानव शरीर मिला है। मानव योनि को चौरासी लाख योनियों में सबसे उत्तम माना गया है। इसलिये हमें अपना ज्यादातर समय धर्म कार्य में व्यतीत करना चाहिय ।

उन्होंने कहा कि हमें शरीर से ज्यादा आत्मा के कल्याण का कार्य करना चाहिए । हम 24 घंटों में शरीर के लिए 18 घंटे कार्य करते हैं, परन्तु आत्मा के कल्याण के लिए कुछ भी नहीं करते हैं । आत्मा के कल्याण से ही हमारा जीवन सफल हो सकता है । हमें कम से कम प्रतिदिन एक घंटे का समय आत्मा के कल्याण के लिए निकालना चाहिए ।

प्रवचन में गोडी पार्श्वनाथ जैन संघ ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, भीनमाल जैन संघ के उपाध्यक्ष उदयन वाणीगोता, सचिव वंशराज बोहरा, महावीर स्वामी जैन मंदिर ट्रस्ट के न्यासी माणकमल भंडारी, राजेश वाणीगोता, संजय भंडारी, कांतिलाल सेठ, उगमराज मेहता, मीठालाल बोहरा, संजय सालेचा, उतमचंद बाफना, नेमीचंद संघवी, मुकेश मेहता, नरेश बाफना, साध्वी म सा के सांसारिक भाई गौतम बाफना, भाभी सोहिनी बाफना,

राजकंवर भंडारी, बबिता वाणीगोता, कंचन संघवी, अनीता सालेचा, मंजू बाफना, अनीता जैन, बीका नाहर, पुष्पा मेहता, पवनी बाफना, मैसुर जैन संघ के सज्जनराज मेहता, शैलेश धोकड सहित काफी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही ।

जैन साध्वी मणीप्रभा श्रीजी म सा के साथ करीब 30 साध्वी का इस वर्ष का चातुर्मास संभवनाथ जैन मंदिर, वी वी पुरम बेंगलोर में होगा । चातुर्मास प्रवेश रविवार 14 जुलाई को होगा । इस अवसर पर पूरे देश भर के विभिन्न स्थानों से गुरु भक्त यहां आकर जिन शासन की शोभा बढ़ाने का कार्य करेगें । चातुर्मास आयोजक भीनमाल जैन संघ बैगलोर के तत्वावधान में सम्पूर्ण कार्यक्रम रखा गया है । चातुर्मास आयोजन को लेकर भीनमाल जैन संघ बैगलोर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है । चातुर्मास में प्रतिदिन प्रवचन के दौरान नई-नई धार्मिक जानकारी एवं विभिन्न धार्मिक क्रिया-कलाप के साथ तप एवं तपस्या में लीन हो कर प्रभु भक्ति की जायेगी ।



## जिलेभर में चिकित्सा संस्थानों का हुआ औचक निरीक्षण
## राजकीय चिकित्सालयों में प्रबंधन, योजनाओं दवा-जांच एवं स्वच्छता को जांचा

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिले में संचालित राजकीय अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी में दवा एवं जांच की उपलब्धता वार्ड, लेबर रूम, शौचालयों में स्वच्छता की जांच सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी बुनकर द्वारा की गई। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि उनके निर्देशानुसार आवश्यक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को सुलभ हो इसके लिए जिले के अधिकारियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी बुनकर ने राजकीय जिला चिकित्सालय सलूंबर एवं विभिन्न सीएचसी, पीएचसी का निरीक्षण किया सीएचसी में नियमित रूप से साफ-सफाई के साथ-साथ पार्किंग की उपयुक्त व्यवस्था, नई बेडशीट ओर पर्दे लगवाने के निर्देश दिए साथ ही मरीजों से भी संवाद किया और उन्होंने परिसर में पौधे लगाने के निर्देश दिए है एवं नियमित रूप से बेहतर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी बुनकर के साथ में डॉ देवेन्द्र पुरी गोस्वामी भी उपस्थित रहे।



## दिगम्बर जैन महासमिति द्वारा पक्षियों हेतु परिंडा महोत्सव का आयोजन

पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** प्यासे पक्षियों हेतु परिंडा महोत्सव की कड़ी में माधव पार्क, बरकत नगर में परिंडा महोत्सव कार्यक्रम दिगम्बर जैन महासमिति जयपुर पश्चिम संभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद जैन भँवर ने बताया इसमें निर्मल कुमार संघी, सुरेन्द्र जैन पांड्या, पूर्व आईपीएस अनिल जी जैन, डॉ णमोकार जैन, डॉ राजेन्द्र जैन, महेंद्र छाबड़ा, राजेश बड़जात्या, पार्षद राजेश कुमावत, अनिल छाबड़ा, महेश चांदवाड, सुरेश जैन, महेंद्र कुमार जैन, राजेश जैन, सरला संघी, सीमा बड़जात्या, प्रकाश जी सिकंदराबाद वाले, राकेश संघी, चक्रेश जैन, पदम जैन चौधरी, मनोज गोधा, अर्पित जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने परिंडों की साफ सफाई व नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। व सभी ने अल्पाहार किया। तत्पश्चात समाज सेविका मनीषा जैन सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तहसीलदार ने किया पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा ने सोमवार को पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा। तहसीलदार ने पशु चिकित्सालय में कार्मिकों की उपस्थिति, लेब सहित अन्य उपकरणों की जांच की। तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी डॉक्टर एवं किए गए कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मेडिसिन की जानकारी ली और निरीक्षण के दौरान भवन के संबंध में जानकारी ली। तहसीलदार ने मेडिसिन भंडार की जांच की। उन्होंने चिकित्सालय में पशु के मालिक से इस संबंध में फीडबेक लिया।निरीक्षण के दौरान पशु चिकत्सालय में व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अस्पताल में निराश्रित पशुओं को रखे जाने व उपचार स्थल पर साफ सफाई के निर्देश दिए। साथ ही लसाड़िया तहसीलदार ने लसाड़िया एवं कुण में पशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के हेमंत खटिक ने राजकीय पशु उप चिकित्सा केंद्र टोडा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## आयड़ तीर्थ पर वर्षीतप के सामूहिक पारणें 10 मई को

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में तपागच्छीय उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ पर गच्छाधिपति आचार्यभगवन अभयदेव सूरीश्वर महाराज के आज्ञानुवर्तिनी साध्वी शीलकांता श्रीजी एवं साध्वी विश्वप्रभा श्रीजी की निश्रा में वर्षीतप करने वाले श्रावकों का सामूहिक पारणे का आयोजन 10 मई को होगा। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि वर्षभर तप आराधना करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का आयड तीर्थ पर अक्षय तृतीय के अवसर पर सामूहिक पारणा कराया जाएगा। इससे पूर्व 9 मई सुबह 9 बजे भक्ताम्बर महापूजा कराई जाएगी। उसके बाद 10 मई को सभी का सामूहिक पारणा होगा। उसके बाद स्वामीवात्सल्य का आयोजन होगा। महासभा के अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या ने बताया कि परम कृपालु, वर्तमान अवसर्पिणी कालके प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव प्रभु द्वारा दीक्षा पश्चात् आहार हेतु परिश्रमण करते निर्दोष अन्न-जल प्राप्त न होने से निरंतर 400 उपवास किये गए। आखातीज के शुभदिन श्रेयांसकुमार द्वारा भेंट में आये हुए ताजे इक्षुरस से पारणा किया गया। इसी याद में श्रीसंघ में श्रद्धालुओं द्वारा वर्षीतप की आराधना की जाती है। आयड़ तीर्थ अति प्राचीन एवं तपागच्छीय उद्गमस्थली है। इसी भूमि पर 'आचार्य देव जगच्चन्द्रसूरि महाराज आयम्बिल के तप के साथ सूर्य के सामने आतापना लेते थे। भीष्म तप के कारण यहाँ के राणा ने पूछा यह किसका कंकाल है। भीष्म तपस्वी संत शरीर को सुखाकर यह कठिन तप कर रहे है। यह जानकर राजा ने तपा' का बिरुद दिया।

## दिनेश कुमार माली अध्यक्ष व आदित्य पांडे सचिव नियुक्त

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** लायंस क्लब उदयपुर श्री जी की वर्ष 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।बोर्ड बैठक माली कोलोनी 100 फीट रोड स्थित दिल पंजाबी 3 रेस्टोरेंट में चुनाव अधिकारी पूर्व क्लब अध्यक्ष लायन कृष्ण कांत सनाढ्य की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें लायन दिनेश कुमार माली अध्यक्ष,लायन आदित्य पांडे को सचिव तथा लायन राकेश अरोड़ा को कोषाध्यक्ष सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया।




## 1990 बेच की एल्युमिनी मीट रविवार को शिल्पी रिसोर्ट में

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर के 1990 बेच के छात्र की रविवार, 22 मई को एल्युमिनी मीट रखी गई है। नरेश पूर्बिया ने बताया कि विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी उदयपुर के 1990 बेच के छात्र एल्युमिनी मीट में रविवार 22 मई को शिल्पी रिसोर्ट उदयपुर में मिलेंगे। इस एल्युमिनी मीट में राजस्थान के विभिन्न जिलों में कार्यरत नौकरी पैसा, व्यवसाई के लोग सम्मिलित होंगे। कई छात्र राजस्थान के बाहर भारत के कई राज्यों में कार्यरत हैं। वे भी सम्मिलित होंगे। कई साथी 34 साल बाद अपने बचपन के साथियों से मिलने का मौका मिलेगा।

## परशुराम भगवान जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज बंधुओ की बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया

**सायला।** कस्बे के जुनागाला स्थित खेतेश्वर पंचधाम मंदिर में रविवार को ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी अक्षय तृतीय 10 मई को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। जिसमे शुक्रवार को सुबह 8 बजे ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर से खेतेश्वर पंचधाम मंदिर जुनागाला तक भव्य रथ एवं वाहन शोभायात्रा निकाली जाएगी।7 शोभायात्रा में भगवान परशुराम की तस्वीर विराजित की जायेगी एवं साधूसंतो के सानिध्य में कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल खेतेश्वर पंचधाम मंदिर पहुच सभा में तब्दील होगी। वही शोभायात्रा मंदिर पहुचने के बाद भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की जाएगी एवं परशुराम भगवान की स्मृति में व्यायान माला व महाआरती होगी। उसके बाद प्रसादी का आयोजन होगा। वही जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 501 दीप की दीपमालिका सजाई जाएंगी। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिमेदारी सौंपी गई। इस दौरान दरगाराम राजपुरोहित, जेतराम, भबूतराम, मांगीलाल राजपुरोहित, उमेदसिंह, शांतिलाल दवे, मुकुन्द दवे, हनुवन्तसिंह, कालूसिंह, खीमसिंह, हरचंदलाल, धर्माराम, बलवताराम, लालसिंह, ओकसिंह, सुखराज, मांगीलाल सोथुआ, मिश्रीमल, मोतीसिंह, नकुलसिंह, विक्रमसिंह, नारायणसिंह, हंजाराम, जैसाराम, शांतिलाल, पृथ्वीराज, डायालाल, सेनसिंह, वसनसिंह, हेमराज, दरगसिंह सांथुआ, अर्जुनसिंह सांथुआ, जबरसिंह, शिवराज पासलोड, भीमराज, भवसिंह, सोवलसिंह, मांगीलाल, भंवरलाल, जबरसिंह, घेवचन्द्र सहित काफी संख्या में ब्राह्मण समाज बंधु मौजूद रहें।



## सेन जी महाराज का जन्मोउत्सव बड़े उत्साह,पूजा-पाठ व कथा आरती के बाद प्रसादी वितरण कर मनाया

पदमावत मीडिया

**नाहरगढ ।** सत्य अहिंसा और सद्भावना के प्रतीक सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के जन्मोत्सव पर घर-घर पूजा-पाठ ,आरती ,हवन-पूजन के आयोजन हुए। नगर व अंचल मे भी जुलूस निकालकर सेन जयंती धूमधाम से सभी ने मिलकर मनाई तथा सामुहिक भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। सत्य,अहिंसा, और शांति के प्रतीक भक्त शिरोमणि संत श्री सेन जी महाराज की 724 वी जयंती है। जय सेन जी महाराज के जय कारे के साथ धूमधाम से सभी ने मिलकर मनाया । नाहरगढ मे सभी सेन समाजजन का सामुहिक भोजन का आयोजन हुआ। श्री चार भुजा नाथ मंदिर पर सेन जी महाराज की सभी ने पूजा-पाठ कर कथा का वाचन हुआ फिर आरती व प्रसादी वितरण हुआ।



# एकोन विंशति कल्याण महाकुंभ के भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर



पद्मावत मीडिया

**निंबाहेड़ा ।** मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री कल्लाजी वेदपीठ पर विराजित मेदपाट मणिभूषण, धरादित्य, परम शौर्यशाली श्री शेषावतार कल्लाजी राठौड़, वेद माता गायत्री, स्कंद माता, पंचमुखी हनुमान जी एवं काल भैरव जी के श्रद्धापूरित विग्रहों का एकोन विंशति यानि 19 वें कल्याण महाकुंभ के भव्य आयोजन की तैयारियां इन दिनों जोरों पर चल रही हैं। वेदपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि कल्याण नगरी में कल्याण महाकुंभ का भव्य आयोजन ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा 22 जून से आषाढ़ कृष्णा अष्टमी 29 जून तक किया जाएगा।

**आध्यात्मिक कल्याण महा पदयात्रा 9 जून को**

कल्याण महाकुंभ के भव्य आयोजन के जन जागरण के लिए प्रथम चरण में आध्यात्मिक कल्याण महा पदयात्रा ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया रविवार 9 जून को आयोजित की जाएगी। यह पदयात्रा 9 जून को प्रात» सवा 4 बजे ठाकुर श्री कल्लाजी के मंदिर से प्रारंभ होकर चित्तौड़ दुर्ग स्थित कल्लाजी की छत्री तक आयोजित होगी। हजारों की संख्या में कल्याण महा पदयात्रा में भाग लेने वाले पदयात्रियों के लिए पूरे मार्ग में ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा विशेष व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी गई हैं।

**सवा करोड़ द्वादश अक्षर मंत्र जाप जारी**

कल्याण महाकुंभ के उपलक्ष्य में चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा से वेदपीठ के आचार्यों, बटुकों एवं कल्याण भक्तों द्वारा सवा करोड़ द्वादशाक्षर मंत्र ओम नमों भगवते वासुदेवाय» का जाप किया जा रहा हैं। जिसके तहत अब तक 64 लाख जाप किए जा चुके हैं। वेदपीठ की ओर से भक्तों से आग्रह किया गया हैं कि इस वर्ष आयोजित होने वाले विष्णु महायज्ञ की सफलता के लिए इस मंत्र का अधिकाधिक जाप कर महायज्ञ में सहभागी बने।

**श्री मद् नारदीय महापुराण का पारायण जारी**

19 वें कल्याण महाकुंभ के उपलक्ष्य में इस वर्ष आयोजित होने वाली श्रीमद नारदीय महापुराण कथा के उपलक्ष्य में अब तक 108 यजमानों द्वारा नारदीय महापुराण के लिए पंजीयन कराया जा चुका हैं। वेदपीठ के प्रवक्ता ने बताया कि ध्यानकेन्द्र में वेदपीठ के बटुकों द्वारा यजमानों से पूजन कराने के साथ ही नारदीय महापुराण का पारायण किया जा रहा हैं। वहीं आयोजन के लिए श्रद्धालुओं द्वारा पंजीयन भी करवाया जा रहा हैं।

**नारदीय महापुराण की कथा 22 जून से**

वेदपीठ द्वारा आयोजित कल्याण महाकुंभ के दौरान पुराणों की आध्यात्मिक व्याख्या की श्रृंखला में इस वर्ष व्यंकटेश बालाजी दिव्यधाम अलवर के स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज के मुखार्विंद से प्रदेश में पहली बार कल्याण नगरी में नारदीय महापुराण का रसामृत पाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह कथा 22 जून से 29 जून तक अपराह्न 3 बजे से वेदपीठ परिसर में आयोजित होगी।

**पंच दिवसीय 51 कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ 25 जून से**

कल्याण महाकुंभ के उपलक्ष्य में पंच दिवसीय 51 कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ आषाढ़ कृष्णा चतुर्थी से अष्टमी यानि 25 से 29 जून तक प्रात» 7 बजे से वेदपीठ परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन पंजीयन की कार्रवाई की जा रही हैं। वेदपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि अब तक 125 यजमानों का पंजीयन कराया जा चुका हैं।

**कलशोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा 22 जून को**

19 वें कल्याण महाकुंभ के प्रथम दिवस ज्येष्ठ शुक्ला पूर्णिमा 22 जून को कल्याण नगरी में कलशोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो प्रात 7 बजे ढ़ाबेश्वर महादेव से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वेदपीठ परिसर में संपन्न होगी।

**प्राकट्योत्सव एवं दिव्य दर्शन 29 जून को**

यह विशेष संयोग ही हैं कि 29 जून 2005 के बाद 20 वें स्थापना दिवस पर इस वर्ष भी तिथि और तारीख एक ही हैं। जिस दिन पंचदेवों की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस दिन प्रात साढ़े 8 बजे विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति, प्रात 9 बजे मातृपितृ पूजन, प्रात सवा 11 बजे मंदिर पर ध्वजारोहण तथा दोपहर सवा 12 बजे भव्य शंखनाद के साथ ठाकुरजी के दिव्य दर्शन दोपहर 12.32 बजे होंगे। अपने प्रकार के इस भव्य आयोजन की व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। वहीं मेवाड़, मालवा, वागड़, मारवाड़ सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से कल्याण भक्तों द्वारा कल्याण महाकुंभ में भागीदारी के लिए वेदपीठ को प्रतिदिन बड़ी संख्या में संदेश प्राप्त हो रहे हैं।

# योगोत्सवः प्रताप गौरव केंद्र बना योगाभ्यास का साक्षी
## योग दिवस के मद्देनजर पूर्ण प्रोटोकॉल के साथ पूर्वाभ्यास

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। आयुष मंत्रालय के निर्धारित प्रोटोकॉल के अभ्यास के लिए योग दिवस पूर्व अभ्यास श्रृंखला चलाई जा रही है, ताकि 21 जून को पूर्ण भव्यता के साथ योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया जा सके। इसी क्रम में सोमवार को आयुष मंत्रालय के मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, संस्कृति विकास संस्थान एवं प्रताप गौरव केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय तीर्थ प्रताप गौरव केंद्र पर योगोत्सव का आयोजन हुआ।

अलसुबह 6 बजे प्रारंभ हुए योगोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञ श्रीवर्धन ने प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी मन्नालाल रावत सहित गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु पालीवाल ने किया और आभार प्रताप गौरव केंद्र निदेशक अनुराग सक्सेना ने व्यक्त किया। योग विशेषज्ञ श्रीवर्धन ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कॉमन योग प्रोटोकॉल एवं योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके व्यापक प्रचार से अधिकाधिक संख्या में योग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे। केबिनेट मंत्री श्री खराड़ी ने कहा कि योग विश्व को भारत की अमूल्य देन है। भारतीय संस्कृति सर्वे भवन्तु निरामया की कामना करती है और यह ध्येय योग से पूरा हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने जब से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी है तब से भारतीय योग का डंडा विश्व में बज रहा है। आज पूरा विश्व योग का अनुसरण कर निरोगी हो रहा है।

योगोत्सव में योग केंद्र मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय सहित स्थानीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थी, योग संस्थानों के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही।

# वन्यजीव गणना 23 को

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** वर्ष 2024 की वन्यजीव गणना 23 मई से प्रातः 8 बजे से 24 मई प्रातः 8 बजे तक वन्यजीव गणना की जाएगी। उप वन संरक्षक (वन्यजीव) देवेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि वन्यजीव अभयारण्य जयसमंद, सज्जनगढ़, फुलवाडी की नाल, कोटड़ा मे वन्यजीव गणना की जाएगी। इस गणना में भाग लेने के इच्छुक वन्यजीव प्रेमी या स्वयंसेवक कार्यालय की मेल आईडी डीसीएफडब्ल्यूएलयूडीजेड एटदीरेट जीमेल डॉट कॉम एवं कार्यालय में पदस्थापित सहायक प्रशासनिक अधिकारी हितेश सक्सेना के मोबाईल नंबर 8949034518 पर सम्पर्क कर आवेदन कर सकते है। आवेदन में अपना नाम, मोबाइल नंबर एवं पता 15 मई को सुबह 11 बजे तक उप वन संरक्षक (वन्यजीव) कार्यालय में भिजवाना होगा।

# कलक्टर द्वारा गठित कमेटी ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर ।** मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल द्वारा गठित कमेटी ने सोमवार को विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर के निर्देशन में कमेटी सदस्य जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड़ एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने प्रादेशिक रोजगार कार्यालय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र उदयपुर के कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्यालयों में कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वक्त निरीक्षण संबंधित कार्यालय में जो अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, उनकी रिपोर्ट निरीक्षण प्रतिवेदन में जिला कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई।

**विभिन्न कार्यालयों में 26 कार्मिक मिले अनुपस्थित**

इस दौरान उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय में 5 कार्मिक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय पटेल सर्कल में 9 कार्मिक, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी कार्यालय में 3 कार्मिक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीएचईडी कार्यालय में 5 कार्मिक, सहायक अभियंता (ग्रामीण खण्ड) पीएचईडी कार्यालय में 3 कार्मिक और जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में एक कार्मिक अनुपस्थित पाया गया।

# इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम की तैयारी बैठक

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय उदयपुर के संयोजन में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना का डीएलईपीसी का जिला स्तरीय आयोजन 8 व 9 मई को महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय गोवर्धन विलास में किया जाएगा जिसमें उदयपुर जिले के 2022-23 में चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे।अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी की मुरलीधर चौबीसा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संबंधी तैयारी बैठक एमजीजीएस गोवर्धन विलास में रखी गयी। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुनाथ पालीवाल के नेतृत्व में कार्यों का आवंटन किया गया। बैठक में राजेश सैनिक, जीवन लाल मेघवाल, किरण बाला जीनगर, कुसुम रावल, भूपेंद्र कौर, राजमल दक, रेणुका थिओफ्लस, मुकेश पारख, नरेश कुमार काहाल्या, वरिष्ठ व्याख्याता ब्रजबाला शर्मा, उपप्रधानाचार्य मनोज कुमार पाठक आदि उपस्थत रहे। बैठक में पंजीयन प्रकोष्ठ, आवास व्यवस्था प्रकोष्ठ, मीडिया प्रकोष्ठ, टंकण कार्य प्रकोष्ठ, भोजन एवं जलपान प्रकोष्ठ, कक्ष प्रभारी प्रकोष्ठ, प्रमाण पत्र लेखन के लिए प्रभारी, सह प्रभारी एवं सदस्य बनाकर कार्य सौंपे गए।

# बढ़ती गर्मी मे पशुओं का डीवर्मिंग करना नितान्त आवश्यक

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** बढ़ती हुई गर्मी में पशुओं का डीवर्मिंग करना अर्थात् कृमिनाशक दवा देना लाभदायक होता है। यह जानकारी पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार छंगाणी ने दी। डॉ. छंगाणी ने बताया कि वातावरण मे तापमान वृद्धि से छोटे तालाबो, पोखरों एवं नालों का पानी वाष्पीकृत होकर उड़ता रहता है। अतः बचे हुए कम पानी मे कृमियों की सान्द्रता बढ़ जाती हैं यह पानी पशु के पीने में आने से कृमि पशु के शरीर मे पहुंच जाते है जिससे पशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता मे कमी, उत्पादन में भारी गिरावट होन की संभावना रहती है। ऐसे मौसम में पशु को कृमिनाशक दवा देकर सुरक्षित रखा जा सकता है।

# बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करें- मुख्य सचिव
## मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से ली समीक्षा बैठक



पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार शाम को प्रदेश के सभी आला अधिकारियों, संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर्स की वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। चुनाव आयोग की विशेष स्वीकृति के पश्चात आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर सभी जिलों में पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में हीट वेव को लेकर जारी संभावित चेतावनी के अनुरूप आमजन को सावचेत करने, सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुड गवर्नेन्स, ई-फाइलिंग सिस्टम, निस्तारण समय, निरीक्षण-रात्रि विश्राम आदि की भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में हाल ही हुए सड़क हादसों को लेकर चिन्ता जताते हुए सभी जिला कलक्टर्स को पुलिस-परिवहन, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य एजेंसी के साथ बैठक कर सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, सरसों आदि की खरीद, किसानों को समय पर भुगतान आदि की भी समीक्षा की।

वीसी में संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने संभाग के सभी जिलों में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, ई-फाइलिंग, समर्थन मूल्य पर फसल खरीद आदि की जानकारी दी। वहीं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने भी सभी बिन्दुओं पर विस्तृत प्रजेंटेशन दिया। वीसी में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी, सीईओ जिला परिषद कीर्ति राठौड़ सहित सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल से शिष्टाचार भेंट



पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल का उदयपुर एससीईआरटी में आने पर हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान आरएससीईआरटी की निदेशक कविता पाठक भी उपस्थित रही। इस दौरान राजस्थान राज्य संगठन के राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य, राज्य संगठन आयुक्त आर.डी.गिल, राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन, संभाग मुख्यालय संयुक्त सचिव मनोज कुमार शर्मा, संजू शर्मा, शान्ता वैष्णव आदि ने शिष्टाचार भेट की। राज्य सचिव ने गुलदस्ता भेंट किया तथा राज्य आयुक्त ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया और संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# हेल्प डेस्क करेगी जन आधार समस्याओं का निराकरण
## जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जनाधार हेल्प डेस्क का गठन

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग के शासन सचिव नवीन जैन के दिशा-निर्देशानुसार जन आधार को आम जन तक सुलभ बनाने एवं इसमें आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जन आधार हेल्प डेस्क का गठन किया गया है।

अतिरिक्त जिला जन आधार योजना अधिकारी पीयूष कुमार भण्डारी ने बताया कि जिला जन आधार योजना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में गठित इस जनाधार हेल्प डेस्क का उद्देश्य जनाधार में नामांकन, नाम संशोधन, सदस्य का नाम हटवाने एवं जुड़वाने संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए आमजन को मार्गदर्शन प्रदान कर समस्या का शीघ्र निवारण करना है। जिला स्तर पर जिला जन आधार हेल्प डेस्क उदयपुर के लिए सांख्यिकी निरीक्षक सुश्री नम्रता शर्मा (मो.9468688750) एवं सूचना सहायक भावेश खत्री (मो.9057225366) को नियुक्त किया गया है। वहीं प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर जन आधार हेल्प डेस्क के लिए कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। जिसमें ब्लॉक गिर्वा के लिए सांख्यिकी अधिकारी बनवारी लाल बुम्बरिया (8058810101) ब्लॉक बड़गांव के लिए सांख्यिकी अधिकारी दिनेश चन्द्र श्रीमाली (9414786438) से संपर्क किया जा सकता है।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण में बताया धैर्य व अनुशासन का महत्व

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के तत्वावधान में महावीर जैन विद्यालय संस्थान कीर की चौकी में जारी सात दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को विविध गतिविधियां में धैर्य व अनुशासन का महत्व बताया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने पहुंचे रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल प्रेम शंकर श्रीमाली ने कहा कि स्काउट हमें सहयोग सद्भावना और सेवा सीखता है। उन्होंने स्काउट, उसकी प्रतिज्ञा और ध्वज गीत के बारे में बताता। संभागीय आयुक्त जनसंपर्क गोपाल मेहता ने स्कॉर्प पहनाकर अभिनंदन किया। मेहता ने बताया कि मुख्य लोक शिक्षा अधिकारी वल्लभनगर अनिल पोरवाल, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल मेनारिया, संदर्भ व्यक्ति प्रकाश मेनारिया ने शिविर की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। शिविर संचालक एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल पोरवाल ने शिक्षा विभाग के अध्यापक मदन लाल वर्मा एवं शारीरिक शिक्षक गोपाल लाल मेहता को हिंदुस्तान स्काउट गाइड राजस्थान राज्य के संभाग जिला सचिव एवं संभागीय जनसंपर्क आयुक्त बनने पर स्कार्फ पहना कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड चित्रकला शुक्ला, जिला ऑर्गेनाइजर शांता वैष्णव ,जिला संयुक्त सचिव तुलसी चडात ,जिला ट्रेनर शिवराज प्रजापत एवं कमल यादव ने अपने अपने सत्र लिये।

# समाज में महिलाओं को हर वर्ग में आगे बढ़ाना हमारा पहला दायित्व - बागड़ी
## खटीक समाज नारी शक्ति सम्मान व महिला मण्डल कार्यकारिणी का शपथग्रहण सम्पन्न

पद्मावत मीडिया



**उदयपुर ।** खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन का पहला सम्मलेन, महिला मण्डल कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह सोमवार को सज्जनगढ़ रोड स्थित निजी रिसोर्ट में संस्थापक जय निमावत एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष बागड़ी ने बताया कि समाज में महिलाओं को हर वर्ग में आगे बढ़ाना हमारा पहला दायित्व है। आयोजित कार्यक्रम में खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन महिला कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को स्मृती चिन्ह, साड़ी, प्रमाण पत्र व उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी महिला सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि समाज को नि» शुल्क एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए लाइब्रेरी खोली जाएगी। जिसमे समाज के बच्चों को पडने् के लिए नि» शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खटीक समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, समाज को शिक्षा में आगे बढ़ाना, समाज में युवाओं को रोजगार में मदद करना, सरकारी की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, समाज में असहाय, गरीबों को आगे बढ़ाने, समाज में बिखरा हुए समजजनों को एक माला में पिरोने का कार्य करेंगे। साथ ही समय-समय पर नि» शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बागड़ी ने कहा कि आगामी समय में महिला कार्यकारिणी की सभी सदस्यों को फ्लाइट से अयोध्या में रामलला के दर्शन करवाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वन्दना एवं उनके सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने किया। धन्यवाद महिला मण्डल की जिलाध्यक्ष तुलसी चंदेल ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थापक जय निमावत ने किया। इस अवसर पर संस्थापक जय निमावत, राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, पीसी चावला, विजय निमावत, राजेश निमावत, अनिल पहाडि़या, ललित



खटीक, किशन खटीक, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा कुमारी खटीक, महिला मण्डल की उदयपुर शहर जिलाध्यक्ष तुलसी चंदेल, केशर बाई, लक्ष्मी चंदेल, संतोष चंदेल, सुनीता पडियार, राजू देवी चौहान, अनीता, मंजू, सोहनी बाई, सीता देवी, मीनाक्षी कटारिया, किरण रेखा आदि उपस्थित थे।

# उदयपुर के नैसर्गिक सौंदर्य को देख अभिभूत हुआ संयुक्त राष्ट्र अमेरिका दुतावास का दल

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** नई दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र अमेरिका दुतावास की एक्टिंग एम्बेसेडर प्रेट्रिशिया ए लेसिना और मिनिस्टर काउंसलर ऑफ पब्लिक अफेयर्स ग्लोरिया एफ बारबेना उदयपुर और पाली जिले के तीन दिवसीय प्रवास के पश्चात सोमवार की शाम हवाई मार्ग से अपने गंतव्य को रवाना हुए। पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से उदयपुर आए प्रतिनिधियों की जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने उन्हें उदयपुर व पाली के प्रमुख दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाया और उन्हें यहां की कला-संस्कृति और विरासत से अवगत कराया। अतिथियों ने उदयपुर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों को बेहत खुबसूरत बताया और कनेक्टिविटी को बढाते हुए टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कही। वहीं पर्यटकों के लिए शॉपिग हेतु छोटे छोटे हब्स बनाने की बात कही जहां एक ही स्थान पर पर्यटकों को लुभाने वाली सभी आकर्षक वस्तुएं सुलभ हो सके। अतिथियों के पस्थान के दौरान शिखा सक्सेना ने पर्यटन विभाग की ओर से ट्रैवल नोटबुक, हैंडमैड राइटिंग बुक की एलीफेंट कीचेन गिफ्ट की और अतिथियों ने भी पर्यटन उपनिदेशक को सोवेनियर भेंट किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।